वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र

नैतिक योग,खेल एवं शारीरिक शिक्षा

कक्षा -12

समय : 2 घण्टे] **[पूर्णांक: 50**

विशेष- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

बहुविकल्पी प्रश्न

1. शारीरिक शिक्षा के कितने क्षेत्र हैं ?

(क) 8 (ख) 30 (ग) 35 (घ) 40

2. निम्नलिखित में र से कौन-सी शैशवावस्था की विशेषता है?

(क) पराश्रयिता (ख) अपरिपक्वता (ग) एकान्तप्रियता (घ) ये सभी

3. बास्केटबॉल की शुरुआत करने वाले पादरी जेम्स नायस्मिथ, कहाँ के निवासी थे?

(क) फ्रांस (ख) यूनान (ग) अमेरिका (घ) भारत

4. प्रथम राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार किसे प्रदान किया गया था?

(क) विश्वनाथन आनन्द (ख) गीत सेठी

(ग)कर्णम मल्लेश्वरी (घ) सचिन तेन्दुलकर

6. रंग, जाति, लिंग, धर्म या अन्य भेदभाव के बिना मानवीय गरिमा और उसकी पूर्ण उपयोगिता के लिए सम्मान की भावना कहलाती है-

(क) मानवाधिकार (ख) मूल अधिकार

(ग) मूल कर्त्तव्य (घ) ये सभी

modelpaper.info

7. कारखानों अथवा खानों में कोई व्यक्ति नियुक्त नहीं किया जा सकता जब तक उसकी आयु कम-से-कम-

(क) 12 वर्ष हो (ख) 14 वर्ष हो (ग) 18 वर्ष हो (घ) 20 वर्ष हो

8. भगवद्गीता में किस योग का वर्णन है?

(क) कर्मयोग का (ख) जनयोग का (ग) भक्तियोग का (घ) इन सभी का

9. समाधि की स्थिति में समस्त इन्द्रियाँ कहाँ लीन रहती हैं?

(क) वायु में (ख) नेत्रों में (ग) मन में (घ) प्राण में

10. यातायात लाइट निम्न में से किस रंग की नहीं होती है?

(क) लाल (ख) हरा (ग) पीला (घ) नीला

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11. शैशवावस्था का समय बताइए।
12. सफल नेता के दो लक्षण लिखिए।
13. हॉकी का पहला टूर्नामेंट भारत में कब और कहाँ खेला गया?
14. राष्ट्रमण्डल खेलों की अन्तर्राष्ट्रीय नियामन संस्था कौन-सी है?
15. ध्यानचंद पुरस्कार की स्थापना कब की गई थी?
16. मानवाधिकार आयोग का स्थान किस नवगठित परिषद् ने ले लिया था?
17. शराब पीकर वाहन क्यों नहीं चलाना चाहिए?
18. आत्म-नियन्त्रण किस प्रकार सम्भव है?
19. वीमेन पावर लाइन सेवा का फोन नम्बर बताइए।
20. काव्यकाल के दो प्रसिद्ध काव्यों के नाम लिखिए।

modelpaper.info

लघु उत्तरीय प्रश्न

21. शारीरिक शिक्षा की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।
22. बाल्यावस्था में होने वाले शारीरिक विकास का सामान्य विवरण दीजिए।
23. समाज में प्रचलित प्रमुख मादक पदार्थों का वर्णन कीजिए।
24. व्यक्तित्व के विकास में शारीरिक शिक्षा की भूमिका बताइए।
25. मानवाधिकार की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।
26. स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रकाश डालिए।
27. आधुनिक काल में योग का विकास कैसे हो रहा है?
28. समाधि की अवधि पर टिप्पणी कीजिए।
29. धैर्यवान रहना क्यों आवश्यक है?
30. सड़क पर चलते समय ध्यान रखी जाने वाली प्रमुख बातों का वर्णन कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

31शारीरिक स्वस्थता एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा मादक द्रव्यों के सेवन के कारणों का वर्णन कीजिए।

32. मौलिक अधिकार का अर्थ एवं प्रकृति स्पष्ट कीजिए।

अथवा स्वास्थ्य के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

modelpaper.info